# वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

दिनांक :                .2023

## बी.पी.एड. (द्विवर्षीय) पाठ्यक्रम सत्र 2023–25
## में प्रवेश संबन्धी सूचना एवं आवश्यक दिशा–निर्देश

1. प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन फार्म एवं आवेदन शुल्क आन–लाईन ही स्वीकार किये जायेंगे।
2. **पात्रता–**

   50 प्रतिशत अंको के साथ किसी विषय में स्नातक डिग्री और कम से कम ए.आई.यू./आई.ओ./एस.जी.एफ. आई/भारत सरकार द्वारा यथामान्यता प्राप्त खेल–कूद में अंतर महाविद्यालयीय/अंतर–क्षेत्रीय/जिला/स्कूल प्रतियोगिता में भागीदारी की हो।

   **अथवा**

   45 प्रतिशत अंको के साथ शारीरिक शिक्षा में स्नातक डिग्री।

   **अथवा**

   45 प्रतिशत अंको के साथ किसी विषय में स्नातक डिग्री तथा एक अनिवार्य विषय। वैकल्पिक विषय के रूप में शारीरिक शिक्षा का अध्ययन किया हो।

   **अथवा**

   45 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक डिग्री और राष्ट्रीय/अंतर–विश्वविद्यालय/राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया हो अथवा एआईयू/आईओए/एसजीएफआई/भारत सरकार द्वारा यथा मान्यता प्राप्त खेलकूद में अन्तर महाविद्यालयीय/अन्तर–क्षेत्रीय/जिला/स्कूल प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय अथवा तृतीय स्थान प्राप्त किया हो।

   **अथवा**

   अन्तराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी के साथ स्नातक डिग्री अथवा संबन्धित संघों/ए.आई.यू./एस.जी.एम. आई/भारत सरकार द्वारा यथामान्यता प्राप्त खेल–कूद में राष्ट्रीय/अंतर–विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय अथवा तृतीय स्थान प्राप्त किया हो।

   **अथवा**

   45 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक डिग्री के साथ स्नातक डिग्री और कम से कम तीन वर्ष का शिक्षण अनुभव (प्रतिनियुक्त सेवाकालीन उम्मीदवारों के लिए, अर्थात प्रशिक्षित शारीरिक शिक्षा शिक्षक/कोच)।

   **तथापि,** अनूसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्गों/पी.डब्ल्यू.डी व अन्य श्रेणियों के लिये सीटों का आरक्षण केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार नियमों के अनुसार होगा।
3. प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा **आवेदन फार्म शुल्क रू. 1,000=00** सामान्य वर्ग एवं पिछड़े वर्ग के लिये तथा **रू 750=00 अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग हेतु आनलाईन स्वीकार होगी।**
4. स्नातक अन्तिम वर्ष में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते है, किन्तु काउंसिलिंग के समय स्नातक उत्तीर्ण का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत कराना होगा।
5. प्रवेश हेतु आरक्षण राज्य सरकार के शासनादेश के अनुसार अनुमन्य होगा, जिसमें ई.डब्ल्यू.एस. हेतु राज्य सरकार के शासनादेश का अनुपालन किया जायेगा।

**शेष पृष्ठ........2 पर**

6. बी.पी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया एन.सी.टी.ई के माननकानुसार भारत सरकार के गजट दिनांक 01 दिसम्बर 2014 के अनुसार होगी।
7. प्रवेश हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की अर्हता/पात्रता एन.सी.टी.ई. के मानकानुसार होगी।
8. बी.पी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु मानक पूर्ण करने वाले महाविद्यालयो को ही काउंसलिंग प्रक्रिया में प्रतिभाग करने की अनुमति होगी।
9. प्रवेश परीक्षा में कुल 100 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न पूछे जायेंगें, जिसमें 50 प्रश्न सामान्य ज्ञान, बौद्धिक क्षमता एवं सामान्य अभिरूचि से तथा 50 प्रश्न भारतीय विश्वविद्यालय संघ एवं भारतीय ओलम्पिक संघ द्वारा मान्यता प्राप्त खेलों से सम्बन्धित होंगे। प्रत्येक प्रश्न एक–एक अंक का होगा एवं प्रवेश परीक्षा में कोई माइनस मार्किंग नही होगी।
10. प्रवेश परीक्षा विश्वविद्यालय परिसर में सम्पन्न होगी।
11. शारीरिक दक्षता परीक्षा भी कुल 100 अंको की होगी, जिसके अन्तर्गत कुल 05 (पांच) इवेन्ट होंगें जिनका विवरण निम्नवत् है–
    (i) 50 Yard Dash,
    (ii) 600 Yard Dash.
    (iii) Standing Board Jump.
    (iv) Bent Knee Sit Up
    (v) Shot-put throw.
12. शारीरिक दक्षता परीक्षा में प्रत्येक इवेन्ट अधिकतम 20 अंकों का होगा, जिसमें प्रत्येक इवेन्ट में अभ्यर्थी के प्रदर्शन के आधार पर इस विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व निर्धारित मानकानुसार अभ्यर्थियों को अंक आवन्टित किये जायेंगे, जिसका विवरण टेबल–1 (पुरूष अभ्यर्थी) एवं टेबल–2 (महिला अभ्यर्थी) में आगे अंकित किया गया है।
13. प्रवेश परीक्षा में अर्जित अंक एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा में अर्जित अंक को जोड़कर अभ्यर्थियों की अन्तिम परीक्षा परिणाम मेरिट बनायी जायेगी तथा उक्त मेरिट के अनुसार प्रवेश हेतु उपलब्ध सीटों पर मेरिट के आधार पर अभ्यर्थियों को काउंसलिंग द्वारा प्रवेश हेतु अवसर प्रदान किया जायेगा।
14. प्रत्येक अभ्यर्थी को काउंसलिंग के समय **प्रवेश हेतु अर्हता के सभी मूल प्रमाण–पत्र** प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
15. शारीरिक दक्षता परीक्षा के समय सभी अभ्यर्थी को स्वास्थ सम्बन्धी प्रमाण–पत्र (मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट) प्रस्तुत करना होगा। स्वास्थ प्रमाण–पत्र किसी सरकारी स्वास्थ केन्द्र से निर्गत होना आवश्यक है।
16. शारीरिक दक्षता परीक्षा के समय सभी अभ्यर्थियों को स्पोर्ट्स किट में होना अनिवार्य है।
17. आरक्षित श्रेणी के आवेदक को काउंसलिंग के समय आरक्षण की दावेदारी से सम्बन्धित सक्षम अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित मूल प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**शेष पृष्ठ 3 पर......**

**18.** आरक्षण की सुविधा उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश के अनुसार अनुमन्य होगी। आरक्षण सम्बन्धी शासनादेश निम्नवत् है–

**आरक्षण (Reservation)**

1. **(क)** आरक्षण अधिनियम के अनुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ी जाति के लिये क्रमशः 21, 02, 27 प्रतिशत स्थान आरक्षित है। प्रवेश हेतु चुने गये अभ्यर्थियों को प्रवेश के समय जाति का मूल प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा। अन्य पिछड़े वर्ग के लिये उ0प्र0 सरकार के शासनादेश के अनुसार निर्गत जाति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत कराना होगा।

   **(ख)** आरक्षण का लाभ केवल उन्ही अभ्यर्थियों को मिलेगा जो उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हो, इसके लिये निवास प्रमाण–पत्र मान्य होगा।

2. **क्षैतिज आरक्षण**/(Horizonal Reservation)

   **(क)** विकलांग अभ्यर्थियों की सभी श्रेणियों (दृष्टिहीन/कम दृष्टि, श्रवण ह्रास एवं पालन निःशक्तता या प्रमस्तिष्कीय अंगघात) के लिये पृथक–पृथक एक प्रतिशत (1%)कुल 03 प्रतिशत स्थान सम्बन्धित सर्वग में श्रेणीवार आरक्षित है। विकलांग अभ्यर्थियों को आरक्षण मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्गत किया गया प्रतिहस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र प्रवेश के समय प्रस्तुत करना होगा तभी उन्हें लाभ प्राप्त हो सकेगा।

   **(ख)** स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी आश्रितों के लिये कुल 02 प्रतिशत तथा सैनिक/भूतपूर्व सैनिक/जम्मू कश्मीर में तैनात सैनिक अथवा अर्द्धसैनिक आश्रित अथवा जम्मू कश्मीर से विस्थापित नागरिकों के आश्रितों के लिये कुल 05 प्रतिशत सीट सम्बन्धित श्रेणी में आरक्षित है।

   **(ग)** महिला अभ्यर्थियों हेतु 20 प्रतिशत स्थान सम्बन्धित संवर्ग में श्रेणीवार आरक्षण है। महिलाओं के कुल आरक्षित सीट संख्या में से 02 प्रतिशत सीट विधवा तलाकशुदा महिलाओं को सम्बन्धित श्रेणी में आरक्षित है।

**19.** बी.पी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु मानक पूर्ण काने वाले महाविद्यालयों को ही काउन्सलिंग प्रक्रिया में प्रतिभाग करने की अनुमति होगी।

**20.** प्रवेश प्रक्रिया हेतु महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की प्रस्तावित तिथियों का विवरण निम्नवत् है–

| क्र.सं. | विवरण | तिथियाँ |
|---|---|---|
| 01 | आवेदन फार्म भरने की प्रारम्भिक तिथि | 29 जून 2023 |
| 02 | आवेदन फार्म आनलाईन भरने की अन्तिम तिथि | 31 जुलाई 2023 |
| 03 | लिखित प्रवेश परीक्षा की तिथि | 19 अगस्त 2023 |
| 04 | शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं काउंसिलिंग परीक्षा की तिथि | 29 एवं 30 अगस्त 2023 |
| 05 | अन्तिम परिणाम की घोषणा | 31 अगस्त 2023 |
| 07 | महाविद्यालय में प्रवेश की अन्तिम तिथि | 08 सितम्बर 2023 |
| नोट–किसी विशेष परिस्थिति में उक्त तिथियों में परिवर्तन किया जा सकता है। | | |

**20** उपरोक्त बिन्दू 11 एवं 12 के क्रम में शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु Physical Fitness Test Score छात्र अभ्यर्थियों के लिये **टेबल–1** एवं छात्रा अभ्यर्थियों के लिये **टेबल–2** आगामी पृष्ठ पर उपलब्ध है।

**शेष पृष्ठ 4 पर......**

## Physical Fitness Test Score Table for Boys (Table-1)

| Score | 50 Yards Dash Sec. | 600 Yards Dash Min.Sec. | Standing Board Jump Ft. Inches | Bent Knee Sit up No. | Shot Put Ft. Inches. |
|---|---|---|---|---|---|
| 20 | 6,000 | 1,200 | 9’ 8” | 64 | 55’ 0” |
| 19 | 6.200 | 1.350 | 8’ 6” | 62 | 50’ 0” |
| 18 | 6.400 | 1.380 | 8’ 3” | 60 | 45’ 6” |
| 17 | 6.600 | 1.400 | 8’ 1” | 58 | 35’ 0” |
| 16 | 6.800 | 1.420 | 8’ 0” | 56 | 32’ 0” |
| 15 | 7.000 | 1.440 | 7’ 10” | 54 | 30’ 0” |
| 14 | 7.200 | 1.450 | 7’ 8” | 52 | 28’ 6” |
| 13 | 7.400 | 1.470 | 7’ 7” | 50 | 26’ 6” |
| 12 | 7.500 | 1.490 | 7’ 6” | 48 | 24’ 0” |
| 11 | 7.600 | 1.500 | 7’ 5” | 46 | 21’ 0” |
| 10 | 7.700 | 1.520 | 7’ 3” | 44 | 20’ 6” |
| 9 | 7.800 | 1.530 | 7’ 2” | 42 | 19’ 6” |
| 8 | 8.000 | 1.550 | 7’ 0” | 40 | 18’ 0” |
| 7 | 8.200 | 1.570 | 6’ 11” | 38 | 17’ 0” |
| 6 | 8.400 | 1.590 | 6’ 10” | 36 | 16’ 6” |
| 5 | 8.600 | 2.010 | 6’ 8” | 34 | 16’ 0” |
| 4 | 8.800 | 2.050 | 6’ 6” | 32 | 15’ 6” |
| 3 | 9.000 | 2.090 | 6’ 4” | 30 | 14’ 6” |
| 2 | 9.400 | 2.150 | 6’ 0” | 28 | 13’ 6” |
| 1 | 9.800 | 2.250 | 5’ 8” | 24 | 13’ 0” |
| 0 | 10.000 | 3.430 | 3’ 7” | 20 | 12’ 0” |

शेष पृष्ठ 5 पर......

## Physical Fitness Test Score Table for Girls (Table-2)

| Score | 50 Yards Dash Sec. | 600 Yards Dash Min.Sec. | Standing Board Jump Ft. Inches | Bent Knee Sit up No. | Shot Put Ft. Inches. |
|---|---|---|---|---|---|
| 20 | 6,8 | 2.00 | 7' 0" | 50 | 10' 0" |
| 19 | 7.2 | 2.11 | 6' 8" | 46 | 28' 6" |
| 18 | 7.4 | 2.22 | 6' 5" | 43 | 25' 6" |
| 17 | 7.5 | 2.27 | 6' 2" | 40 | 22' 0" |
| 16 | 7.6 | 2.31 | 6' 0" | 38 | 20' 6" |
| 15 | 7.8 | 2.34 | 5' 11" | 35 | 19' 0" |
| 14 | 7.9 | 2.37 | 5' 10" | 33 | 18' 6" |
| 13 | 8.0 | 2.42 | 5' 9" | 31 | 17' 0" |
| 12 | 8.1 | 2.46 | 5' 7" | 29 | 16' 6" |
| 11 | 8.2 | 2.49 | 5' 6" | 27 | 16' 0" |
| 10 | 8.3 | 2.51 | 5' 5" | 25 | 15' 6" |
| 9 | 8.4 | 2.57 | 5' 3" | 23 | 14' 0" |
| 8 | 8.6 | 3.00 | 5' 2" | 21 | 13' 2" |
| 7 | 8.7 | 3.05 | 5' 1" | 19 | 12' 10" |
| 6 | 8.8 | 3.10 | 5' 0" | 17 | 11' 0" |
| 5 | 8.9 | 3.16 | 4' 11" | 15 | 10' 8" |
| 4 | 9.0 | 3.22 | 4' 9" | 14 | 10' 2" |
| 3 | 9.1 | 3.29 | 4' 7" | 13 | 9' 6" |
| 2 | 9.5 | 3.41 | 4' 5" | 12 | 8' 0" |
| 1 | 10.4 | 3.56 | 4' 2" | 11 | 7' 0" |
| 0 | 12.0 | 6.40 | 3' 0" | 10 | 6' 10" |

कुलसचिव 28/6/23